हिंदी विभाग
श्री राधा कृष्ण गोयनका महाविद्यलय, सीतामढ़ी
हिंदी दिवस के अवसर पर 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 और हिंदी' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय वेब–संगोष्ठी

..और अंग्रेजी सिर पर बैठ गयी, जिसे हमने ही है बिठाया

सीतामढ़ी. हिंदी दिवस के अवसर पर नगर स्थित श्री राधा कृष्ण गोयनका महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और हिंदी' विषय पर राष्ट्रीय वेब-संगोष्ठी संपन्न संपनन हुई. मुख्य वक्ता के रूप में डीसीएसकेपीजी कॉलेज, मउनाथ भंजन, मद (उप्र) के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सर्वेश पांडेय शामिल हुए. संगोष्ठी के संरक्षक व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राम नरेश पंडित ने अतिथि वक्ता का शब्द-सुमनों से स्वागत किया और हिंदी दिवस के उद्देश्य को रखा. हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ आरले श्रीकांत लक्ष्मणराव द्वारा प्रसिद्ध कवि शिव मंगल सिंह सुमन की 'परिचय' कविता की 'हम दिवानों का क्या परिचय...कविता के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. शर्वेश पांडेय ने हिंदी को ज्ञान की भाषा मानकर संवाद करने की बात कही. राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के महत्वपूर्ण लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल दिया और उसे मनुष्य का सर्वांगीण विकास करने वाली बताया. खेद जताते हुए कहा कि हम भारतीय भाषाओं में ज्ञान को उत्पन्न नहीं कर पाये और अंग्रेजी सर पर बैठ गयी, जिसे हमने ही बिठाया है. जब तक भारत की सभी भाषाओं से शब्दों को नहीं ग्रहण करेंगे, तबतक हिंदी का विकास नहीं होने की चिंता सताती रहेगी. पंडित दीनदयाल उपाध्याय के कथन 'जो हमारा अपना है, उसे युग के अनुकूल बनाना है और जो विदेशों का है उसे देशानुकूल बनाना होगा' के माध्यम से ज्ञान की विधाओं को हिंदी भाषा में विकसित करने को आवश्यक बताया. प्रश्नोत्तरी चर्चा के दौरान संविधान की आठवीं अनुसूची में देश की सभी भाषाओं को राष्ट्रभाषा के रूप में उल्लेखित बताया. संचालन डॉ इंद्र भूषण व धन्यवाद ज्ञापन प्रो रितेश पासवान ने किया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों समेत छात्र- छात्राओं की भी सहभागिता रही.

- हिंदी दिवस पर एसआरके गोयनका कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा संगोष्ठी आयोजित

प्रभात खबर
Wed, 15 September 2021
https://epaper.prabhatkhabar.com/

दिनांक 14/09/2021 को हिंदी दिवस के अवसर पर 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 और हिंदी' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय वेब–संगोष्ठी का 'प्रभात खबर' समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार।